# परमाणु ऊर्जा शिक्षण संस्था
## कार्यपत्रक(2026-27)

**कक्षा: V** **विषय: हिन्दी** **माह: सितम्बर** **अंक: 40**

**दिया गया पाठ्यक्रम: पाठ- 6 चतुर चित्रकार**

विद्यार्थी का नाम: ____________________________________________

अनुक्रमांक.________ कक्षा/अनुभाग: 5/_____ दिनांक: ________________

---

**पठित गद्यांश पर आधारित प्रश्न-10 अंक**

**प्रश्न –क) निम्नलिखित पठित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए। (5)**

चित्रकार सुनसान जगह में,बना रहा था चित्र,
इतने ही में वहाँ आ गया ,यम राज का मित्र |
उसे देखकर चित्रकार के , तुरंत उड़ गए होश ,
नदी , पहाड़,पेड़,पत्तों का, रह न गया कुछ जोश |
फिर उसको कुछ हिम्मत आई,देख उसे चुपचाप ,
बोला –सुंदर चित्र बना दूँ ,बैठ जाइए आप |

**1.** चित्रकार किस जगह पर चित्र बना रहा था ? (1)

________________________________________________

**2.** चित्रकार के सामने कौन आ गया ? (1)

________________________________________________

**3.** शेर को देखकर चित्रकार के क्या उड़ गए ? (1)

________________________________________________

**4.** नीचे लिखे शब्दों के समानार्थी शब्द गद्यांश से ढूँढ़कर लिखिए। (1)

फ़ौरन ___________ साहस ___________

5. नीचे लिखे शब्द से एक सार्थक वाक्य बनाओ | (1)

चुपचाप = ____________________________________________

**प्रश्न –ख) निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए। (5)**

खेल हमारे जीवन का अभिन्न अंग है |खेलों से शरीर स्वस्थ रहता हैं और मन प्रसन्न होता हैं | जो छात्र पढ़ाई के साथ -साथ खेलों में भाग लेते हैं ,वे तनावमुक्त रहते हैं और उनमें टीम भावना का विकास होता है | खेल हमें अनुशासन ,सहयोग और हार-जीत को स्वीकार करना सिखाते हैं | आज भारत के खिलाड़ी ओलंपिक खेलों में देश का नाम रोशन कर रहे हैं | इसलिए हर स्कूल में खेलों को पढ़ाई के बराबर महत्त्व मिलना चाहिए |

1 . खेल हमारे लिए क्यों जरूरी हैं ? (1)

______________________________________________________________

2 . खेलों में भाग लेने से छात्रों को क्या लाभ होते हैं ? (1)

______________________________________________________________

______________________________________________________________

3 . उपर्युक्त गद्यांश से दो संज्ञा शब्द ढूँढ़कर लिखिए | (2)

______________ ______________

4 . " खुश" शब्द का समानार्थी शब्द गद्यांश से ढूँढ़कर लिखिए | __________ (1)

## <u>पाठ्य पुस्तक पर आधारित प्रश्न-5 अंक</u>

**प्रश्न –ग) नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।**

1) चित्रकार ने शेर से बचने के लिए क्या किया ? (1)

______________________________________________________________

______________________________________________________________

2) चित्रकार ने शेर को 'जंगल के सरदार' नाम से क्यों पुकारा होगा ? (1)

______________________________________________________________

______________________________________________________________

3) चित्रकार की कौन-सी विशेषता आपको सबसे अच्छी लगी और क्यों ? (1.5)

______________________________________________________________

______________________________________________________________

4) चित्रकार ने शेर को जंगल में चित्रकला का अभ्यास करने के लिए क्यों कहा होगा ? (1.5)

______________________________________________________________

______________________________________________________________

## <u>व्याकरण पर आधारित प्रश्न -7 अंक</u>

**प्रश्न -घ) नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दो।**

**1**.नीचे लिखी पंक्तियों में उचित विराम चिन्ह लगाओ | (1)

चित्रकार सुनसान जगह में बना रहा था चित्र

इतने ही में वहाँ आ गया यम राज का मित्र

**2.नीचे लिखे रेखांकित संज्ञा शब्दों को हटाकर उचित सर्वनाम शब्द लिखो |** (3)

क) <u>चित्रकार</u> नाव में बैठ गया | =________________________________

ख) <u>शेर</u> बहुत गुस्से में था | = ________________________________

ग) <u>चित्रकार</u> और <u>शेर</u> के बीच वार्तालाप हुआ | =______________________

**3.नीचे लिखे मुहावरों को पहचानकर उनके नीचे रेखा खींचों |** (3)

क)"उसे देखकर चित्रकार के तुरंत उड़ गए होश |"

ख)"चित्रकार ने नाव पकड़कर ली जी भर के साँस |"

ग़)"नदी, पहाड़ ,पेड़, पत्तों का, रह न गया कुछ जोश |'

## <u>शब्दावली परआधारित प्रश्न-5 अंक</u>

**प्रश्न -ड. ) नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दो।**

1. "चतुर चित्रकार" कविता के आधार पर चित्रकार और शेर की दो विशेषताएँ लिखिए | (2)

क ) चित्रकार __________________ __________________

ख ) शेर __________________ __________________

2. नीचे दिए गए वाक्यों के लिए एक शब्द लिखिए | (3)

क) चित्र बनाने वाला व्यक्ति __________________

ख ) जो जंगल का राजा हो __________________

ग ) जो दूसरों की बातों को जल्दी समझ जाए __________________

## <u>वर्तनी पर आधारित प्रश्न - 5 अंक</u>

**प्रश्न-च) नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दो।**

**1.** नीचे दिए शुद्ध वर्तनी वाले शब्दों पर गोला लगाइए। (1)

क) हिम्म्त ख ) मूँदकर ग़ ) झिल घ ) सूनसान

क) खिसकन ख ) जगल ग़ ) झुँझलाया घ ) मानुश

**2.** नीचे दिए अशुद्ध शब्दों को शुद्ध करके लिखिए। (2)

क) पिठ - __________________ ख ) शीकार - ____________________

**3.** नीचे दिए अक्षरों को उचित क्रम में लगाकर सार्थक शब्द बनाइए। (2)

क) र दा र स ________________ ख ) र का य ____________________

**<u>रचनात्मक लेखन -5 अंक</u>**

**प्रश्न-छ) नीचे दिए चित्र गए को देखकर पाँच पंक्तियाँ लिखिए |**



**<u>सुलेख</u>**

**प्रश्न-ज) नीचे दी गई पंक्तियों को सुलेख करो |** **(3)**

मौलिक शिक्षा हमारे जीवन की मजबूत नींव हैं| यह हमें पढ़ना-लिखना,अच्छे संस्कार और अनुशासन सिखाती हैं |हमें अपने गुरुजनों का सम्मान करना चाहिए और मन लगाकर पढ़ाई करना चाहिए| स्वच्छता, सत्य और ईमानदारी को अपने जीवन में अपनाना चाहिए अच्छी शिक्षा पाकर हम अपने परिवार समाज और देश का नाम रोशन कर सकते हैं |